Department of Labor
WORKING FOR YOU

ध्यान दीजिये
परिधान उद्योग के कर्मचारी

1/1/2026 – 12/31/2026 से न्यूनतम वेतन प्रति घंटा दरें प्रभावी

New York City

बड़े नियोक्ता (**11 या अधिक** कर्मचारी)	छोटे नियोक्ता (**10 या उससे कम** कर्मचारी)
न्यूनतम वेतन $17.00	**न्यूनतम वेतन $17.00**
40 घंटे के बाद ओवरटाइम $25.50	40 घंटे के बाद ओवरटाइम $25.50

Long Island और Westchester County

न्यूनतम वेतन $17.00

40 घंटे के बाद ओवरटाइम $25.50

New York State के बाकी भाग

न्यूनतम वेतन $16.00

40 घंटे के बाद ओवरटाइम $24.00

अगर आपका कोई प्रश्न है, अधिक जानकारी चाहते हैं या शिकायत दर्ज करना चाहते हैं।

फ़ोन के ज़रिए: (518) 457-9000 | (888) 4-NYSDOL (888-469-7365) | 711 TTY/TDD

क्रेडिट और भत्ते जो आपके वेतन को ऊपर दिखाई गई न्यूनतम वेतन दरों से कम कर सकते हैं:

- **भोजन और आवास** – आपका नियोक्ता अपनी ओर से दिए जाने वाले भोजन और आवास के लिए आपके वेतन की सीमित राशि का दावा कर सकता है। ऐसा वे तब तक कर सकते हैं जब तक वे आपसे कुछ और शुल्क नहीं ले रहे हों। इसकी दर और आवश्यकताएं वेतन संबंधी ऑर्डर्स और सार में होते हैं, जो ऑनलाइन उपलब्ध हैं।.

अन्य नियम जिनका आपके नियोक्ता को अनुसरण करना चाहिए:

- **सुरक्षा** –आपके नियोक्ता को स्थानीय, राज्य और संघीय सुरक्षा और स्वास्थ्य कानूनों और अग्नि संहिताओं का पालन करना चाहिए। आग से बाहर निकलने के रास्ते खुले होने चाहिए और ऐसे हों कि काम के घंटों के दौरान उन तक आसानी से पहुंचा जा सके। .
- **होमवर्क** – घर पर काम करने के लिए कोई भी काम फैक्ट्री से बाहर नहीं ले जाना है। कोई भी काम सीधे घरेलू कामगारों में नहीं बांटा जाना है
- **पंजीकरण** – आपका नियोक्ता श्रम विभाग के साथ पंजीकृत होना चाहिए। उन्हें अपना वार्षिक पंजीकरण प्रमाण पत्र वहाँ पोस्ट करना होगा, जहाँ आप इसे देख सकें।

अतिरिक्त वेतन ऊपर दिखाई गई न्यूनतम वेतन दरों के अतिरिक्त आप पर बकाया हो सकता है:

- **ओवरटाइम** – 40 से अधिक (या आवासीय कर्मचारियों के लिए 44) साप्ताहिक घंटों के लिए आपको अपनी नियमित वेतन दर (ऊपर दिखाई गई ओवरटाइम राशि से कम नहीं) का 1½ गुना भुगतान किया जाना चाहिए।
  अपवाद: वेतनभोगी पेशेवरों, या अधिकारियों और प्रशासनिक कर्मचारियों के लिए ओवरटाइम की आवश्यकता नहीं है, जिनका साप्ताहिक वेतन न्यूनतम वेतन दर से 75 गुना अधिक है।.
- **कॉल-इन पे** – अगर आप निर्धारित समय पर काम पर जाते हैं और आपके नियोक्ता आपको ज़ल्दी घर भेज देते हैं, तो आप उस दिन के लिए न्यूनतम वेतन दर पर अतिरिक्त घंटों के वेतन के हकदार हो सकते हैं।
- **स्प्रैड आवर्स** – यदि आपका कामकाज़ वाला दिन दस घंटे से अधिक समय तक रहता है, तो आप अतिरिक्त दैनिक वेतन के हकदार हो सकते हैं। दैनिक दर न्यूनतम वेतन दर पर एक घंटे के वेतन के बराबर है।
- **यूनिफ़ॉर्म का रखरखाव** – अगर आप अपने यूनिफ़ॉर्म की सफ़ाई खुद करते हैं, तो आप अतिरिक्त साप्ताहिक वेतन के हकदार हो सकते हैं। साप्ताहिक दरें ऑनलाइन उपलब्ध हैं।